प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शिमला में शुरू हो रहा है। 28 मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। बजट सत्र को लेकर विधानसभा परिसर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

भाजपा विधायक दल

भाजपा विधायक दल की बैठक कल शाम शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई। विधायक व पार्टी प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने बताया कि सत्र में प्रदेश सरकार की नाकामियों, जनविरोधी निर्णयों व भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था व नशा भी एक बड़ा मुद्दा है जिसे लेकर सरकार को घेरा जाएगा।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक दल आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बैठक कर रणनीति बनाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के अलावा सरकार द्वारा किए गए कार्यों को प्रभावी तरीके से सदन में रखने को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी।

संसद–बजट सत्र

इस बीच संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 20 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा।

मुख्यमंत्री–चैंपियंस ट्रॉफी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चैंपियंस ट्रॉफी की जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। उन्होंने भारतीय टीम को हिमाचल आने का विशेष निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार टीम के प्रवास से जुड़े सभी खर्चों का वहन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टीम इंडिया की मेजबानी करने में खुशी होगी।

डक्ट निर्माण कार्य

शिमला शहर में अंडर ग्राउंड यूटिलिटी डक्टस के निर्माण पर करीब एक सौ 46 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके तहत सभी पेयजल आपूर्ति व विद्युत लाइनों सहित फाइवर केबल भूमिगत डक्ट में बिछाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छोटा शिमला से विली पार्क तक बनाई जा रही यूटिलिटी डक्ट के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने डक्ट के कार्य में विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य से शहर के सौंदर्यीकरण में मदद मिलेगी।

बैठक

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक आज शिमला में होगी। निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली इस बैठक में अधिकारियों के साथ निगम के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान अधिकारियों को निगम की आय बढ़ाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया जाएगा।

होली महोत्सव

सुजानुपर का सुप्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव 12 मार्च को शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस चार दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस महोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा वॉलीबुड व पंजाबी कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

विंटर गेम्स

जम्मू कश्मीर में आयोजित की जा रही पांचवीं खेलो इंडिया विंटर गेम्स में एथलीट योगेश कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अल्पाइन सलालम स्की प्रतियोगिता में प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया है। एथलीट योगेश कुमार कुल्लू जिला के पलचान के रहने वाले हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते बारिश व बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 14 मार्च तक प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है।